संख्या- 2/2016/1719/49-3-2015-100(25)/92टी0सी0

प्रेषक,

धीरेन्द्र प्रताप सिंह,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0शासन।

सेवा में,

आयुक्त एवं निबन्धक,
सहकारिता,उ0प्र0,
लखनऊ।

सहकारिता अनुभाग-3 लखनऊ : दिनांक: 15फरवरी, 2016

विषय- वित्तीय वर्ष 2015-16 में आई0सी0डी0पी0 योजनान्तर्गत अनुदान मद में प्राविधानित धनराशि की वित्तीय स्वीकृति ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-475/लेखा-अ/, दिनांक 16 नवम्बर, 2015 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 में आई0सी0डी0पी0 योजनान्र्तगत अनुदान मद में प्राविधानित धनराशि रू0 74812.50 हजार में से धनराशि रू0 4,82,750.00 (रूपये चार लाख बयासी हजार सात सौ पचास मात्र) की धनराशि की वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन सहर्ष प्रदान करते हैं :--

(1) स्वीकृति की जा रही धनराशि का आहरण एन0सी0डी0सी0 से परियोजनाओं की स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा।

(2) प्रोजेक्ट सेक्शन करने वाली ए0पी0सी0 की अध्यक्षता वाली समिति से स्वीकृति प्रोजेक्टस से निवेश के लिये आवश्यकतानुसार धनराशि आहरित की जायेगी।

(3) स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय जिन मद/कार्यो हेतु धनराशि स्वीकृत की गयी है उसी मद / कार्य में व्यय की जायेगी। निर्धारित मद/कार्य से इतर व्यय अनुमन्य न होगा।

(4) स्वीकृत की जा रही धनराशि राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम की परियोजना के निर्धारित पैटर्न पर राज्य सरकार द्वारा वर्तमान में व समय-समय पर प्राप्त एवं निर्गत होने वाली शर्तो के अनुरूप ही नियंत्रित होगी।

(5) पी0टी0आई0 अनुदान के सम्बन्ध में आवश्यक परिव्यय की उपलब्धता शासनादेश जारी करने के पूर्व सुनिश्चित कर लिये जाये।

2- उक्त होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-18 के अन्तर्गत- लेखाशीर्षक-2425- सहकारिता आयोजनागत- 800-अन्य व्यय-04-एकीकृत सहकारी विकास परियोजना (एन0सी0डी0सी0पोषित)-27-सब्सिडी- के नामे डाला जायेगा।

----2/---

http://shasanadesh.up.nic.in

3- यह आदेश वित्त विभाग की अशासकीय संख्या- यू0ओ0-ई-2-138/दस-2016, दिनांक: 11-02-2016 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

धीरेन्द्र प्रताप सिंह
संयुक्त सचिव।

पृष्ठांकन संख्या- 2/2016 /1719(1)/49-3-2015,तद् -दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित: --

1- उप महालेखाकार(राजकोष एवं वी0एल0सी0), कार्यालय महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी)-प्रथम उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- उप महालेखाकार(राजकोष), कार्यालय महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी)-.द्वितीय उ0प्र0, इलाहाबाद।
3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त नियंत्रक, सहकारिता,उ0प्र0, लखनऊ।
5- अपर आयुक्त एवं अपर निबन्धक, आई0सी0डी0पी0, सहकारिता, उ0प्र0, लखनऊ।
6- वेब मास्टर, कार्यालय आयुक्त एवं निबन्धक, सहकारिता, उ0प्र0, लखनऊ।
7- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-3/वित्त(व्यय नियंत्रण) अनुभाग-2
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

धीरेन्द्र प्रताप सिंह
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in